23 अक्तूबर 2023

Hightower एलिमेंटरी में Chevron की ओर से STEM शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए $10,000 का अनुदान दिया गया

Chevron की ओर से दिए गए $10,000 के शानदार DonorsChoose अनुदान के चलते शिक्षा को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। Hightower एलिमेंटरी स्कूल के विद्यार्थी अब और भी अधिक शिक्षा सामग्रियों और संसाधनों का लाभ उठा पाएँगे, जिससे कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) शिक्षा की आकर्षक दुनिया को वे और भी करीब से जान पाएँ।

18 अक्तूबर को Chevron ने स्कूल को यह अनुदान दिया, जिसके बाद Hightower की प्रधानाचार्य Shelia Price ने Chevron को इस शानदार साझेदारी के लिए आभार प्रकट किया।

"यह अनुदान पा कर हमें बहुत खुशी हुई है। पिछले कई वर्षों से हमने Chevron के साथ मिलकर काम किया है," कहना था प्रधानाचार्य Price का। "एक शानदार पड़ोसी होने के नाते उन्होंने हमेशा ही हमारे स्कूल को सहायता दी है और अपना कर्तव्य निभाया है, इसलिए मैं उनका धन्यवाद करना चाहती हूँ।"

Hightower एलिमेंटरी को Cognia द्वारा STEM स्कूल के तौर पर प्रख्यात प्रमाणीकरण मिला है। Cognia एक सुविख्यात गैर-लाभ संगठन है, जो दुनिया भर में प्राइमरी और सेकंडरी स्कूलों को मान्यता देने के लिए समर्पित है। प्रधानाचार्य Price ने माना कि एलिमेंटरी विद्यार्थियों का परिचय स्थिरता के सिद्धांतों से कराना चुनौतीपूर्ण काम होती है।

"हमारे लिए यह सुनिश्चित करना बहुत ज़रूरी है कि हमारे विद्यार्थियों को इस उम्र में देने के लिए यह सामग्री हमारे पास उपलब्ध हो। यह अनुदान हमारी बहुत मदद करने वाला है," कहना था Ms. Price का। "अब हम अपने विद्यार्थियों के लिए सामग्री, आपूर्ती खरीद सकते हैं और उन्हें तरह-तरह के अनुभव दे सकते हैं, ताकि उन्हें से STEM से जुड़े करियर्स के बारे में पता चले और वे जान पाएँ कि उनके लिए कौन-सा करियर उपलब्ध है। हम उनका परिचय वास्तविक दुनिया की समस्याओं से कराते हैं और वे उन समस्याओं का समाधान रचनात्मक तरीकों से करते हैं।"

DonorsChoose एक गैर-लाभ संगठन है जो कि लोगों को सीधे पब्लिक स्कूल कक्षा परियोजनाओं में अनुदान करने में मदद करता है, जिससे कि Chevron को पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को समर्थन देने के उसके मिशन में मदद मिलती है। 2021 से ही, ने लगभग $3.5 मिलियन का निवेश करते हुए लगभग 4,300 परियोजनाओं को आर्थिक सहायता देते हुए देश भर की कक्षाओं को अभूतपूर्व तरीके से प्रभावित किया है।

हालाँकि, वह अभी भी अपने मिशन पर कायम है। Chevron द्वारा Florida, Georgia और Texas डिस्ट्रिक्ट्स से जुड़े स्कूलों को $100,000 का DonorsChoose शिक्षा अनुदान दिया जाएगा। Chevron Pascagoula रिफाइनरी की समुदाय मामले प्रतिनिधि Amy Brandenstein ने STEM शिक्षा के प्रति Hightower एलिमेंटरी के समर्पण को सराहा।

"वे बच्चों के लिए बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। महीने में एक बार, वे विज्ञान के ऐसे प्रयोगों और परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो कि वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान निकालने में मदद करेंगे। एलिमेंटरी स्तर पर ऐसा करना एक शानदार प्रयास है," कहना था Ms. Brandenstein का। "विद्यार्थियों को ये शानदार अवसर प्रदान करने के लिए वे बधाई के पात्र हैं और हमें उनका भागीदार बन कर बहुत खुशी हो रही है।"

प्रधानाचार्य Price ने कहा कि इस शानदार कॉर्पोरेट स्पॉन्सरशिप के लिए वे बहुत आभारी हैं और उन्होंने इस बात को ज़ोर देते हुए कहा कि यह अनुदान उनके विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए अधिक उपकरण दिलाने, अधिक ज्ञान प्रदान करने और STEM विषयों में बढ़िया प्रदर्शन करने की प्रेरणा देने में मदद करेगा।

XXX